तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी

तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी,
हम पे नजर जब बाबा की पड़ेगी,
तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी,

धन और धान से झोलियाँ भरेगा,
बिना बोले काम सांवरियां करेगा
लाख चौरासी तेरी पल में कटे गी,
तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी,

शान है निराली बाबा लखदातार की,
रखता है लाज बाबा सारे संसार की,
मौज तू करेगा जब आँख ये लड़े गी,
तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी,

भगतो की बात बाबा श्याम ने बनाई है,
दुनिया में इक साथी श्याम कन्हाई है,
आएगा जरूरत जब तुझको पड़े गी,
तेरी भी बनेगी बात मेरी भी बनेगी,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12343/title/teri-bhi-banegi-baat-meri-bhi-banegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |